# प्रेस नोट दिनांक- 01.12.2024 जनपद प्रतापगढ़

## थाना कोहड़ौर, जनपद प्रतापगढ़

**-पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,**

**-प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी**

**-आरोपियों द्वारा जमीनी रंजिश के कारण सिर में कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**-थाना कोहड़ौर पुलिस टीम द्वारा मलाक मोड़ से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**

**-अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी बरामद किया गया।**

घटना का संक्षिप्त का विवरण-

दिनांक 24.11.2024 को ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र बदलू गुप्ता उम्र करीब 65 वर्ष निवासी गंगापुर थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ को जमीनी रंजिश के कारण आरोपीगण द्वारा सिर पर धारदार हथियार से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया था । घटना के सम्बन्ध में  07 व्यक्ति नामजद के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 188/2024 धारा 109(1)/351(3)/191(2)/ 191(3)/190 /61(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था । घायल व्यक्ति ओमप्रकाश उपरोक्त की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। जिस पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गयी।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिवनारायण बैश के नेतृत्व में थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री राधेश्याम मय हमराह उ0नि0 रामजन्म पाण्डेय, उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव, कां0 पुष्पेन्द्र यादव, कां0 सौरव द्वारा 02 अभियुक्तों 01. अरुण कुमार गुप्ता उर्फ सुभाष पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम गंगापुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ 02. बाबूलाल गुप्ता पुत्र प्रभू गुप्ता निवासी ग्राम डुहिया पूरब पट्टी थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 30.11.2024 को थानाक्षेत्र  कोहड़ौर के मलाक मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर मृतक के सिर पर मारकर जिस कुल्हाड़ी से हत्या की गई थी उस कुल्हाड़ी को अरुण के ट्यूबेल के पास स्थित खेत/बाग से लोहे व गत्ते के कबाड़ से बरामद किया गया।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि मृतक से पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दिनांक 24.11.2024 की रात्रि में हम दोनो ने रात्रि में सो रहे मृतक ओम प्रकाश गुप्ता को कुल्हाड़ी से जान से मारने की नियत से मार दिया था। जिससे ओम प्रकाश गुप्ता की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01. अरुण कुमार गुप्ता उर्फ सुभाष पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम गंगापुर थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़।

02. बाबूलाल गुप्ता पुत्र प्रभू गुप्ता निवासी ग्राम डुहिया पूरब पट्टी थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगीः- घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल कुल्हाड़ी ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

थानाध्यक्ष उ0नि0 श्री राधेश्याम मय हमराह उ0नि0 रामजन्म पाण्डेय, उ0नि0 श्री विवेक कुमार यादव, कां0 पुष्पेन्द्र यादव, कां0 सौरव थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़।

## थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़

**-पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन,**

**-प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी**

**-हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**-थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को उनके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया**

घटना का संक्षिप्त विवरण-

थाना लालगंज में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगज में मु0अ0सं0 495/2024 धारा 109, 110, 115(2), 352, 351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था ।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डाॅ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक लालगंज श्री नीरज यादव के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह कां0 रामकुमार यादव, कां0 मुलायम सिंह यादव थाना लालगज द्वारा 03 अभियुक्तों 1. विकास सिंह पुत्र स्व0 जंगबहादुर चौहान 2. दीप चन्द्र चौहान पुत्र माता बदल चौहान 3. छोटे लाल यादव पुत्र राम लखन यादव निवासीगण पूरे फतेसिंह सन्तनगर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 01.12.2024 को पूरे फतेसिंह सन्तनगर के जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01. विकास सिंह पुत्र स्व0 जंगबहादुर चौहान निवासी पूरे फतेसिंह सन्तनगर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

02. दीप चन्द्र चौहान पुत्र माता बदल चौहान निवासी पूरे फतेसिंह सन्तनगर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

03. छोटे लाल यादव पुत्र राम लखन यादव निवासी पूरे फतेसिंह सन्तनगर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह कां0 रामकुमार यादव, कां0 मुलायम सिंह यादव थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

**थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़**

**-थाना महेशगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**-हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त रामसजीवन पटेल गिरफ्तार**

**-थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत हीरागंज बाजार से गिरफ्तार किया गया**

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ ढॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) सजंय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल नेतृत्व में थाना महेशगंज से उ0नि0 श्री शिवपाल सिंह मय हमराह हे0का0 जयप्रकाश मिश्रा, का0 लालबहादुर वर्मा द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 186 / 2024 धारा 191 (2)/191 (3)/190/109/110/ 333/117(2)/115(2)/352/351 (3) BNS से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त रामसजीवन पटेल पुत्र स्व. रामनाथ पटेल निवासी ग्राम जगतपुर ऐंधा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को हीरागंज बाजार से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-

1- रामसजीवन पटेल पुत्र स्व. रामनाथ पटेल निवासी ग्राम जगतपुर ऐंधा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तारी टीम-

उ0नि0 श्री शिवपाल सिंह मय हमराह हे0का0 जयप्रकाश मिश्रा, का0 लालबहादुर वर्मा थान महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

**थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़**

**-थाना मान्धाता पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में *थाना मान्धाता के उ0नि0 मु0 तौफीक खां मय हमराह का0 रामवीर सिंह, कां0 विनोद कुमार देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0नं0 678/24 धारा 131 घरेलू हिंसा अधिनियम थाना पट्टी से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त हमीद पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम टिकरी हरखपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. हमीद पुत्र महबूब अली निवासी ग्राम टिकरी हरकपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 मु0 तौफीक खां मय हमराह का0 रामवीर सिंह, कां0 विनोद कुमार थाना मान्धाता, जनपद- प्रतापगढ़

## थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़

**-थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

-एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध लगातार की जा रही है कड़ी कार्यवाही

-पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त राहुल पटेल गिरफ्तार

-थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भूपियामऊ चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया

-प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में उ0नि0 अखिलेश प्रताप द्वारा की गई गिरफ्तारी

**पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के नेतृत्व में** दिनांक 01.12.2024 को थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 अखिलेश प्रताप मय हमराह द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 137(2), 87, 64 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में प्रकाश में आया वांछित राहुल पटेल पुत्र वकील पटेल निवासी समेरा (झुगवा) थाना कसेया जनपद कुशीनगर उम्र 22 वर्ष को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत भुपियामऊ चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-**

1-राहुल पटेल पुत्र वकील पटेल निवासी समेरा (झुगवा) थाना कसेया जनपद कुशीनगर उम्र 22 वर्ष

गिरफ्तारी पुलिस टीम- उ0नि0 अखिलेश प्रताप मय हमराह का0 किशन थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़

## थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़

**-थाना लालगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज के उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह विशाल वर्मा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0सं0 250/97 धारा 323, 504, 506, 336 भादवि थाना लालगंज से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मनसाराम शुक्ल निवासी ग्राम बनकटी थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01. सुनील कुमार पुत्र मनसाराम शुक्ल निवासी ग्राम बनकटी थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़।

**पुलिस टीम-** उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव मय हमराह का0 विशाल वर्मा थाना लालगंज, जनपद- प्रतापगढ़।

**थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़**

**-01 वारण्टी अभियुक्त विकास त्रिपाठी गिरफ्तार थाना अन्तू**

-पुलिस अधीक्षक प्रतापढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्तों के सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू के उ0नि0 अनुपम पटेल मय हमराह द्वारा तलाश वांछित/वारण्टी अभियुक्त के दौरान NBW मा0 न्याया0 ACJ(JD)N– 25 प्रतापगढ़ मु0न0 2374/20अ0 सं0 256/19 धारा 452.323.325.324.504.506. भादवि थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित अभियुक्त विकास त्रिपाठी पुत्र श्री राज किशोर नि0 ग्रा0 बुकनापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ उम्र 36 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-

विकास त्रिपाठी पुत्र श्री राज किशोर नि0 ग्रा0 बुकनापुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ उम्र 36 वर्ष

पुलिस टीम - उ0नि0 अनुपम पटेल मय हमराह एसीसी पवन सिह थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़।

**थाना हथिगवां, जनपद प्रतापगढ़**

-एसपी के निर्देशन में प्रतापगढ़ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी।

-01 अवैध पिस्टल के साथ 01 अभियुक्ता गिरफ्तार।

-एएसपी(पश्चिमी) व क्षेत्राधिकारी कुण्डा के कुशल मार्गदर्शन में थाना हथिगवां पुलिस की बड़ी कार्यवाही।

-अभियुक्ता का सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र के साथ फोटो हुआ था वायरल।

-01 अवैध पिस्टल 32 बोर बरामद।

-थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जहानाबाद से अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण।

सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र के साथ 01 युवती का फोटो वायरल हुआ था। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा थाना हथिगवां पुलिस को वायरल फोटो की जांच कर कार्यवाही करने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में 01 अवैध पिस्टल के साथ 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत सिंह के निकट मार्गदर्शन में दिनांक 30.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक हथिगवां श्री नन्दलाल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अमित कुमार चौहान मय हमराह म0उ0नि0 राखी सिंह, म0का0 पूजा, म0का0 नीलम, वाहन चालक अमित थाना हथिगवां द्वारा जाँच व तलाश सोशल

मीडिया पर वायरल पिस्टल के साथ युवती की जाँच के दौरान, थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जहानाबाद से 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता की निशांदेही पर हथिगवां से लालगोपालगंज रोड़ पर हरिशंकरपुर खाले का पुरवा मोड़ के पास से 01 अवैध पिस्टल 32 बोर बरामद किया गया ।अवैध पिस्टल बरामदगी के आधार पर थाना हथिगवां में अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम 01 अभियुक्ता पंजीकृत किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

गिरफ्तार अभियुक्ता ने पिस्टल के साथ वायरल फोटो के बारे में पूछताछ में बताया कि मैंने शौकिया पिस्टल का प्रदर्शन किया था तथा सुभम सिंह ने फोटो खींच लिया था। मुझे पिस्टल का शौक था इसलिये यह पिस्टल सुभम सिंह से ले लिया। हमारे और सुभम सिंह से अनबन होने के कारण उक्त फोटो पर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण -

01 अभियुक्ता निवासी जहानाबाद थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगीः-

01 अवैध पिस्टल 32 बोर।

पुलिस टीम -

उ0नि0 अमित कुमार चौहान मय हमराह म0उ0नि0 राखी सिंह, म0का0 पूजा, म0का0 नीलम, वाहन चालक अमित थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़।